Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ बाडमेर में पटवारी 9 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *06 अगस्त, मंगलवार*। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बाडमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर** को परिवादी से **9 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की बाडमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी पुश्तैनी सामलाती कृषि भूमि की मौका रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय में पेश करने की एवज में आरोपी भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर द्वारा **15 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी की बाडमेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री किशन सिंह चारण** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भूराराम, पटवारी पटवार मण्डल बूठिया, अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल सेतराउ तहसील रामसर जिला बाडमेर को परिवादी से **9 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान परिवादी से **5 हजार रूपये** रिश्वत अपने जानकार को जरिये फोन पे ट्रासफर कर वसूल कर लिये थे।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**